Seventeenth Loksabha

p>

Title: Regarding the establishment of big industry in Patehgarh Sahib to generate employment.

डॉ. अमर सिंह (फतेहगढ़ साहिब): सर, बेरोजगारी की समस्या हमारे संसदीय क्षेत्र फतेहगढ़ साहिब को बहुत प्रभावित कर रही है, मैं उसके बारे में निवेदन करने के लिए सदन में खड़ा हुआ हूं । इस समय वहां के मां-बाप, छात्र सभी लोग परेशान नजर आ रहे हैं, क्योंकि नौकरी वाले फ्रंट पर बहुत खराब खबरें आ रही हैं ।

सर, मैं तीन तरह की बातें कहना चाहता हूं । मैंने पहले भी निवेदन किया था कि अगर फतेहगढ़ साहिब को रिलिजीयस टूरिस्ट सर्किट इंटरनेशनल लेवल पर कर दिया तो बहुत सारी इम्प्लॉयमेंट जेनरेट होगी । जैसे बड़ी-बड़ी इंडस्ट्रीज को जो टैक्स बेनीफिट दिया जाता है, चाहे वह कारपोरेशन टैक्स हो, जीएसटी हो या रॉ मैटेरियल बाहर से मंगवाने पर कस्टम ड्यूटी हो, वैसे ही हमारे क्षेत्र के छोटी-छोटी इंडस्ट्रीज को बेनीफिट दिया जाए । भारत सरकार मेरे इलाके में एक बड़ी इंडस्ट्री लगा दे, जिसमें 25-25 हजार लोग नौकरी कर सकें, तो मेरे इलाके का बहुत भला होगा । मैं यही निवेदन करना चाहता हूं । धन्यवाद ।